**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय बांसवाड़ा और महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में कुलपति नियुक्त

### राज्यपाल श्री मिश्र ने जारी किए नियुक्ति आदेश

जयपुर, 6 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राज्य के तीन विश्वविद्यालयों में कुलपति पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। श्री मिश्र ने विश्वविद्यालयों की कुलपति खोजबीन समिति की सिफारिश पर राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्तियां की हैं।

श्री मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय), लखनऊ की प्रोफेसर एवं डीन होम साइंस विभाग डॉ. सुनीता मिश्रा को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर का, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन शाला के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर केशव सिंह ठाकुर को गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय बांसवाड़ा का तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनोज दीक्षित को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का कुलपति नियुक्त किया गया है। श्री मिश्र ने इनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

-------